तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

हड़ताली एनएचएम कर्मियों पर बड़ा एक्शन
1500 से अधिक की जाएगी नौकरी
4



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय काव्य-पाठ स्पर्धा के लिए आवेदन आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगामी 23 सितंबर को शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करना तथा उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना है। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को नगद प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा इसके साथ ही विजेता प्रतिभागियों को 4 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर भी मिलेगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागी 19 सितंबर 2025 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

### तीन घर व फसलों को हो सकता था बड़ा नुकसान

# अब संतोषीनगर में टूटा बांध, ग्रामीणों ने पहाड़ के नीचे किया था निर्माण



क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत कराते अधिकारी व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में गुरुवार को एक बार फिर से बांध टूटने की खबर से हड़कंप मच गया। विकासखंड के ग्राम पंचायत संतोषीनगर में बनाया गया बांध तेज बारिश के बाद ओवर फ्लो होने से टूट गया। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी बात यह है कि इस बांध का निर्माण ग्रामीणों ने खुद ही मछली पालन और खेती के लिए किया है और और इसकी जानकारी प्रशासन और विभाग को भी नहीं थी। गनीमत रही कि बांध के मेड का एक हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हुआ था लेकिन पानी के तेज बहाव में कच्ची सड़क कट गई जबकि फसलों और आस पास मौजूद कुछ घरों को हल्का नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी और बांध ⏩ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- नहीं ली गई थी अनुमति, समय रहते मरम्मत होने से टला बड़ा हादसा, जल संसाधन विभाग को भी नहीं थी जानकारी

### कराया गया मरम्मत का कार्य टला हादसा

बांध फूटने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। समय रहते ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्रित हुए और बांध के मरम्मत का कार्य शुरू किया। बांध में दूसरे तरफ से पानी निकलने का रास्ता बनाया गया इसके साथ ही बांध के क्षति ग्रस्त हिस्से को मिट्टी, टिन व अन्य तरीकों से रोका गया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि बलरामपुर जिले में 16 सितम्बर को रामानुजगंज में 80.2 मिमी, बलरामपुर में 46.3 मिमी, डौरा-कोचली में 54.8 मिमी, सामरी में 58.2 मिमी व चांदो में 53.8 मिमी बारिश हुई है जबकि बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के समय पहाड़ से उतने वाला पानी बांध में आता है। बांध टूटने के बाद पानी बस्ती के किनारे स्थित चनान नदी से होते हुए कन्हर में चला गया।

### कट गई कच्ची सड़क, फसलों को नुकसान

संतोषीनगर का उक्त बांध बस्ती के बाहर है ऐसे में ज्यादा नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन आस पास में तीन घर थे जो बांध के बाढ़ की चपेट में आए और घरों के क्षति ग्रस्त होने की बात कही जा रही है। यदि समय रहते स्थिति पर काबू नहीं पाया गया होता तो निश्चित रूप से बांध की जद में आकर तीनों घर बह जाते और लगभग 100 एकड़ में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो जाती। इस घटना में बस्ती की एक बच्ची सड़क भी कट गई है।



### हो सकती थी लुत्ती जैसी घटना

संतोषीनगर में बांध टूटने की घटना के बाद जिला प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीएम अभिषेक गुप्ता भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लेने के साथ ही नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने तत्काल मरम्मत का कार्य शुरू कराया और कच्ची सड़क के बीच ह्युम पाइप डालने के निर्देश दिए ताकि पानी की निकासी जारी रह सके। इस दौरान एक बड़ी बात यह सामने आई कि उक्त बांध ना ही जल संसाधन विभाग की ओर से बनाया गया है और ना ही ग्राम पंचायत की ओर से। कुछ लोगों ने अपने फायदे के लिए पानी को रोककर बांध बना लिया लेकिन ओवरफ्लो होने पर पानी के निकासी, इसके मरम्मत जैसी तकनीकी बारीकियों पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया और ना ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी है ऐसे में स्थित खतरनाक हो जाती है। यदि बाढ़ का पानी पूरी ताकत के साथ निकलता तो लुत्ती जैसी घटना हो सकती थी। ऐसे में इस तरह की मनमानी करने वालों पर कार्रवाई भी जरुरी है।

### मांगी गई है रिपोर्ट

ग्रामीणों ने पहाड़ के पानी को रोकने के लिए खुद ही बांध बना लिया है। बांध के क्षति ग्रस्त होने की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर गया था। मरम्मत का कार्य कराया गया है इसके साथ ही नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। पटवारी से भी रिपोर्ट मांगी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

-अभिषेक गुप्ता, एसडीएम बलरामपुर



# ट्रक की चपेट में आकर बुजुर्ग ससुर-दामाद की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

गुरुवार की दोपहर अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो ग्रामीणों की मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक का पहिया ससुर दामाद के उपर चढ़ गया जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को अस्पताल भेजा। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक को चंदौरा थाना क्षेत्र में पकड़ लिया है। पुलिस ने मामले में शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है और अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

- भैंसामुंडा मुख्य मार्ग पर हुई घटना, ओवरटेक के कारण हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि ग्राम इंजानी निवासी 50 वर्षीय संतोष पटेल आ. दुर्योधन पटेल व 65 वर्षीय गिरजा शंकर पटेल आ. स्व. निमो नारायण पटेल आपस में ससुर दामाद है। गुरुवार की सुबह संतोष पटेल व गिरजा शंकर पटेल किसी काम से वाड्रफनगर तहसील कार्यालय के लिए आ रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग 12.30 बजे जैसे ही वे भैंसामुंडा मुख्य मार्ग पर पहुंचे उनके आगे एक ट्रक चल रहा था। आगे की तरफ चल रहे ट्रक से साइड लेते हुए बाइक सवार ने ओवर टेक किया विपरीत दिशा से बनारस की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 44 एटी 0659 ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक से टक्कर के बाद तेज रफ्तार वाहन का पहिया बाइक सवारों पर चढ़ गया जिससे संतोष पटेल व गिरजा शंकर पटेल की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वाड्रफनगर चौकी पुलिस द्वारा शवों को उठाकर सिविल हॉस्पिटल भेजा जहां मृतकों की शिनाख्त के बाद पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिए गए है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### चंदौरा में पकड़ाया चालक

इस घटना के बाद पुलिस चंदौरा पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़कर चालक को हिरासत में ले लिया है। इधर इस घटना के बाद लोगों में खासा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अच्छी सड़क होने के कारण मालवाहक वाहनें अनियंत्रित रफ्तार में चल रही है जिससे आए दिन घटनाएं हो रही है। लोगों ने वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग की है। इस संबंध में वाड्रफनगर चौकी प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर चालक को पकड़ लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### सांसद महंत पहुंची हवलदार महेश के घर



**बैकुण्ठपुर।** कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत बुधवार को ग्राम खैरी पहुंचीं, जहां उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर राष्टपति का गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक प्राप्त करने वाले नगर सेना के हवलदार डॉ. महेश मिश्रा को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि समाज सेवा और जनहित के कार्य के लिए समर्पित डॉ. मिश्रा पर पूरे जिले और प्रदेश को गर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ कर्मचारी प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। डॉ. मिश्रा पिछले दो दशकों से लगातार समाज सेवा और जनजागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अब तक सैकड़ों लोगों की जान बचा चुके हैं। उनकी इस सेवा भावना के लिए उन्हें राष्टपति पदक से नवाजा गया है। इस अवसर पर योगेश शुक्ला, वेदांती तिवारी, विनोद शर्मा, सूरज महंत, भूपेन्द्र यादव, सौरभ गुप्ता, जगदीश कुशवाहा, ग्राम पंचायत डकईपारा की सरपंच कातो बाई, उप सरपंच शशिकला मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए सबकी सहभागिता जरुरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के 154 ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ साथ शासन की लगभग 25 योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। इसी कड़ी में गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत योग सत्र आयोजित किया गया। योग के माध्यम से मन और तन के बीच सामंजस्य स्थापित कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आदि शक्ति एवं सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से योग, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां कराई गर्इं। राष्टीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन सेक्टर सरभोका में हुआ। इस वर्ष का मुख्य थीम मेन स्ट्रीमिंग-पुरूषों की सहभागिता को बढ़ाना और मोटापे का समाधान रहा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि पोषण माह के तहत शिशुवती, गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

### समय-सीमा की बैठक हुई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में उन्होंने समस्त विभागों में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, शिविरों के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति और आगामी बैठक में शामिल होने वाले प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन शिकायतों, जन चौपाल और पीएम पोर्टल की स्थिति की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने सबसे पहले अधिकारियों को उच्च न्यायालय द्वारा मांगे गए प्रकरणों का गंभीरता और प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

### शिवपुर चरचा में स्वच्छता ही सेवा अभियान

**चरचा कॉलरी।** छग शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। बुधवार को वार्ड क्रमांक 1 स्थित छठघाट परिसर से अभियान की शुरूआत हुई। सामूहिक श्रमदान के तहत घाट और आसपास की सफाई कर स्थल को स्वच्छ एवं आकर्षक रूप दिया गया। गुरुवार को दूसरे दिन चाईना ब्लॉक, सब्जी मंडी और सेंट्रल बैंक के सामने सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें पार्षदों, अधिकारियों, सफाई कर्मियों और नागरिकों ने मिलकर नालियां साफ की और सड़कों को चमका दिया। अभियान के तहत दुर्गा पंडालों, बस स्टैंड और प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष सफाई अभियान, स्वच्छ मित्र स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण, सिग्नेचर ड्राइव, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी और स्वच्छ सांस्कृतिक महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा केवल एक पखवाड़े का अभियान नहीं बल्कि हर नागरिक की सतत जिम्मेदारी है।

### बैकुंठपुर में आवास योजना मेला, 16 को मिली स्वीकृति

# 30 हितग्राहियों को मिला गृह प्रवेश का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

अंगीकार अभियान के तहत नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 16 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति एवं भवन अनुज्ञा वितरित की गई।

अधिकारियों ने हितग्राहियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत और उज्जवला योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई, उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए सुझाव भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर संजय दुबे, पार्षद धीरज शिवहरे, बसंत राय, शारदा गुप्ता रमन गुप्ता, अनिल खटिक, अवधेश सिंह, अंकित गुप्ता, घनश्याम पटेल, तीरथ राजवाड़े, शाहिद असरफी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम।

### मानस भवन के बगल से हटाया गया कचरे का अंबार



बैकुण्ठपुर। नगर पालिका के पार्षद धीरज शिवहरे की पहल पर मानस भवन के बगल की गली में जमा कचरे का अंबार हटवाया गया। यहां लंबे समय से रुक-रुक कर गंदगी के कारण राहगीरों, वार्डवासियों एवं स्कूली बच्चों को दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। पार्षद श्री शिवहरे ने समस्या से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे को अवगत कराया। तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर पालिका अमले ने जेसीबी से गाजर घास व जमा कचरे को उठवाकर गली को साफ कराया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दुबे ने सफाई कर्मियों को भविष्य में इस स्थान पर कचरा न इकट्ठा करने के सख्त निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों ने त्वरित कार्रवाई एवं पहल के लिए पार्षद और नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया।

# दीदी के गोठ की दूसरी कड़ी में मुख्यमंत्री ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरूवार को अपने नियमित कार्यक्रम दीदी के गोठ की दूसरी कड़ी में महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें तरक्की की राह में सहभागी बनने का आवाहन किया। मुख्यमंत्री का यह संवाद जिलेभर की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सभागारों में काफी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता दर्ज कराई। सोनहत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में ग्राम पंचायत सोनहत के आवास हितग्राहियों एवं बिहान समूह की दीदियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का श्रवण किया। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे सुनने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिलाएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत कटोरा में दोपहर 2 बजे से दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित जानकारी भी हितग्राहियों और ग्रामीणों तक पहुंचाई गई।

# कॉलेज में रजत जयंती पर विविध कार्यक्रम




**मनेन्द्रगढ़/खड़गवां।** शासकीय मां महामाया महाविद्यालय खड़गवां में छग रजत जयंती का उपलक्ष्य में विभिन्न विधाओं का आयोजन किया गया। इसमे क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के लगभग 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता प्रदान की। महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 30 भूतपूर्व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझावों से महाविद्यालय विकास में अपना योगदान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अजय सिंह, जनपद सदस्य एवं जनभागीदारी अध्यक्ष उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरूणोध्य पाण्डेय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखित लाभअगरिया, सरपंच, ग्राम पंचायत खड़गवां उपस्थित हुए । सेमिनार के विषय में अत्यंत रोचक तथा ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा भी अत्यंत प्रभावशाली वकतव्य प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में रैली का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भरपूर योगदान प्रदान किया।

# उमंग और श्रद्धा के साथ विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन



**चरचा कॉलरी।** कोयलांचल क्षेत्र के चरचा माइन आरओ एवं आसपास के इलाकों में गुरूवार को भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। विसर्जन यात्रा में श्रमिकों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली।

ढोल-नगाड़ों, डीजे की थाप और विश्वकर्मा भगवान की जय के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। चरचा कॉलरी स्थित जेएमएम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, सीएचपी, इलेक्ट्रिक पावर हाउस, पानी टंकी एवं विश्वकर्मा समाज भवन परिसर में स्थापित प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गुलाल उड़ाते हुए, नाचते-गाते और भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। उमंग और श्रद्धा का यह संगम पूरे क्षेत्र में अद्भुत छटा बिखेर रहा था। वहीं रेलवे वर्कशॉप और सांई ऑटो संघ में विराजमान प्रतिमाओं का विसर्जन आगामी 18 सितंबर को किया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि पारंपरिक ढंग से भजन-कीर्तन एवं शोभायात्रा निकालकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। जेएमएम और सीएचपी लोडिंग प्वाइंट के कामगारों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा कर्म और सृजन के देवता हैं, जो हर कार्य में निष्ठा और ईमानदारी का संदेश देते हैं।

# एनसीसी, स्काउट को मिली अग्निवीर भर्ती की जानकारी



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारतीय सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से आए भर्ती अधिकारी रुबेस कुमार और श्रवण सिंह ने विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड तथा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना में भर्ती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने अग्निवीर, जूनियर कमीशन ऑफिसर एवं अन्य रैंकों पर भर्ती की प्रक्रिया को समझाते हुए छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने शारीरिक मापदंड, शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक परीक्षण और चयन की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख किया। साथ ही बोनस अंकों की व्यवस्था, चयन के विभिन्न चरण, वेतन सुविधा और भविष्य में मिलने वाले अवसरों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर**

मामला क्रमांक 202501021800065/62
मामले की श्रेणी राजस्व अ-6/2024-25

नमना कला प.ह. न. 00020
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- कमल जीत कौर, अनावेदक पक्षकार-परमजीत कौर, कमल जीत कौर निर्मल आर्य, मुखविंदर सिंह, जोगेंदर सिंह अवतार सिंह,

**ईश्तहार**

आवेदक कमल जीत कौर पिता सरदार सुरेन्द्र सिंह व अन्य निवासी डी. 76 रोहिणी सेक्टर-14, प्रशांत बिहार, नार्थ वेस्ट दिल्ली, द्वारा मुख्तार आम हरचरण सिंह पिता अवतार सिंह, निवासी डी. 76 रोहिणी सेक्टर-14, प्रशांत बिहार, नार्थ वेस्ट दिल्ली के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 377/5, 379/2, 383/1, 384/3 रकबा क्रमशः 0.028, 0.046, 0.095, 0.540 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व. जोगेंदर सिंह का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है.

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.10.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2025 को जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीतापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./110/अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता तिवारी पति श्री राकेश तिवारी, जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम सीतापुर, तहसील सीतापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 938 रकबा 0.077 हे. में से रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22/09/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर जिला-सरगुजा**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. अमित जैन
MS,MCH (Neurosurgery)
IPGMER,Kolkata Minimal Invasive
BrainAnd Spine Surgeon
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC)
MD (Psychiatry) BHU
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ
MBBS,MD (Medicine)
DM (Nephrology) -Gold Medalist
Consultant Nephrologist & Transplant Pgysician
रायपुर के सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ.रितेश रंजन
MBBS,MS MCH (Mumbai)
Neonatal & Pediatric Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध हड्डी एवं गाठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ. नमन जैन
MD Medicine, DNB Rheumatology, EULAR
Fellowship in Rheumatology
Consultant Rheumatologist
Ramkrishna Care Hospital Raipur Chhattisgarh
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुशांत
MBBS,MD (General medicine)
DNB Neurology Raipur
मस्तिषक एवं रीढ़ की हड्डी न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. देवान्श मिश्रा
MBBS,Ms (General Surgery)
M.CH. (Neurosurgery)
21 सितम्बर 2025 माह के तीसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**

रा.मा.क्र.- /ब-121/2024-25
ग्राम-मदनेश्वरपुर प.ह.नं.-27 उप तहसील बरियों

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम-मदनेश्वरपुर प.ह.नं.-27 उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा. गंज को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25 आवेदक/आवेदिका शिवनाथ आ. स्व. रंजीत उम्र... जाति उरांव निवासी मदनेश्वरपुर उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के द्वारा स्वयं के पिता स्व. रंजीत की मृत्यु दिनांक 05/11/1997 को ग्राम मदनेश्वरपुर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में आज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-25/09/2025 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरियों**
**जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- सिर दर्द एवं माइग्रेन
- लकवा (पैरालाइसिस)
- चक्कर बेहोशी
- हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
- मिर्गी, फिट
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक न्यूरोपैथी
- हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBS, MS GENERAL SURGERY
(DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास महतो ने बताया कि महाविद्यालय की व्यवस्था के साथ-साथ शिक्षा की लचर व्यवस्था हो चुकी है। महाविद्यालय में रसायन शास्त्र तथा अंग्रेजी विषय के प्रोफेसर नहीं है। तीन माह से छात्र-छात्राएं अपनी शिक्षा को लेकर चिंतित हैं। महाविद्यालय में वॉशरूम एवं वाटर कूलर की साफ सफाई नहीं होती जिससे छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छात्राओं के लिए सबसे बड़ी समस्या उनके वॉशरूम के पैड डिस्पोजिंग मशीन खराब है। बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 7 दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान अभाविप नगर मंत्री परमानंद कुशवाहा, नगर सह मंत्री श्रेया ठाकुर, रजनी विश्वास, संदीप यादव, सूरज पूरी, विवेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव के अंतिम दिवस आयोजित सेमिनार छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वर्षों की उपलब्धियों का मूल्यांकन एवं भविष्य की संभावनाओं पर विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता प्राध्यापक डॉ.पुनीत कुमार राय एवं अरूण प्रताप सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, महापुरूषों, पवित्र स्थलों, खनिज संसाधनों, लोकनृत्यों एवं जनजातीय परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य की उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए पर्यटन, उद्योग, कृषि और शिक्षा की संभावनाओं पर चर्चा की। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पुरंजय मिश्रा ने महाविद्यालय के भूमि आंदोलन से जुड़े संघर्षों का उल्लेख किया। नपं अध्यक्ष मानसिंह ने रजत जयंती समारोह के महत्व को बताया। धीरेन्द्र द्विवेदी ने शिक्षा, चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण एवं विकास योजनाओं की जानकारी साझा की। वरिष्ठ नेता रमाकांत दुबे एवं गोपाल कश्यप ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार का समापन लोकनृत्य एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया बेरोजगार दिवस



**शंकरगढ़।** युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा निर्देश पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व एवं युवा कांग्रेस प्रभारी राहुल जायसवाल के उपस्थिति में 17 सितंबर को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने चाय ठेला लगाकर एवं चाय बेचकर विरोध प्रदर्शन शंकरगढ़ बस स्टैंड में किया। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मुज्जसम नजर, युवा कांग्रेस सामरी विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण अग्रवाल, हीरालाल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष एनएसयूआई रुपेश यादव, पिंटू यादव, सरपंच सुनील पैकरा, ओसपाल यादव, उमेश यादव, जनपद सदस्य अमीन साय, आशीष यादव, मिथिलेश गुप्ता, साबित अली, जैद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निधन

### लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्ग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल का 95 वर्ष की आयु में बुधवार की



शाम निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था, बुधवार की शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली,आज गुरुवार को रिंहद नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।स्व. लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी जायसवाल, ठेकेदार राममनोहर जायसवाल के पिता व बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में पदस्थ चिकित्सक डॉ दीपक जायसवाल एवं विवेक जायसवाल के दादा जी थे।

---

### मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल भवन को किया गया था डिस्मेंटल

# स्कूल भवन तोड़े हो गए ढाई साल, बच्चों को नसीब नहीं हुआ नया भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो और सुरक्षित भवन हो इसके लिए ढाई साल पूर्व ही मुख्यमंत्री जतन योजना के लिए जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल किया गया था। कुछ स्कूल का निर्माण हो गया लेकिन कई स्कूल ऐसे है जहां डिस्मेंटल के बाद आज तक निर्माण शुरू नहीं हो सकी। जिसमें से विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत सिरकोतंगा बालक एवं कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय शामिल है। लगभग ढाई साल पहले स्कूल भवन को डिस्मेंटल किया गया था जिसके बाद आज तक बच्चों को भवन नसीब नहीं हो सकी। ऐसे में अस्थाई व्यवस्था से स्कूल का संचालन किया जा रहा है जिससे शिक्षक सहित बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- बच्चों एवं शिक्षकों की बढ़ी परेशानी

नए शिक्षा सत्र शुरू हुए कई माह हो चुके है ऐसे में कई स्कूल ऐसे है जहां आज तक स्कूल भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। ग्राम पंचायत सिरकोतंगा बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन विहीन है। लगभग ढ़ाई साल पूर्व ही जर्जर स्कूल भवन से निजात दिलाने मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत पुराने जर्जर स्कूल भवन को तोड़ नए सिरे से स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया। लगभग ढाई साल बाद भी बच्चों को नए भवन नसीब नहीं हुई। गौरतलब है कि विकासखंड लखनपुर अंतर्गत कई स्कूल भवन काफी जर्जर हालत में थी जिसे मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत जर्जर स्कूल भवन को तोड़ कर नए सिरे से भवन निर्माण की योजना थी। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सिरकोतंगा स्थित प्राथमिक एवं बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन को भी तोड़ कर धराशाई कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि जर्जर स्कूल भवन को तोड़ने से पहले स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में ढाई साल बाद भी बच्चों को नए भवन नसीब नहीं हो सकी और न ही नए भवन निर्माण की शुरूआत आज तक नहीं हो सकी। पूर्व में भवन के अभाव में बच्चों को स्टेडियम के छोटे से कमरे पढ़ाई करना पड़ता था लेकिन अव्यवस्था होने के कारण बच्चों को दूसरे मोहल्ले स्थित स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। इधर स्कूल भवन के अभाव में आज भी बच्चे दूसरे मोहल्ले स्थित स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर है। हैरानी की बात यह हे कि स्कूल भवन को तोड़े ढाई साल होने को है बावजूद इसके आज तक निर्माण को लेकर किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी है। ऐसे में अधिकारियों के उदासीन रवैया का खामियाजा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जिस तरह से नए स्कूल भवन निर्माण के लिए कार्य हो रहे है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल में पढाई करने वाले बच्चों को नए स्कूल भवन में पढ़ाई करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।



डिस्मेंटल किए गए स्कूल भवन।

**अन्य विद्यालय की स्थिति ऐसी**

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के कन्या व बालक माध्यमिक विद्यालय की भांति क्षेत्र अन्य स्कूलों की हालत ऐसी है। ग्राम पुहपुटरा, लहपटरा व धनपुरी सहित अन्य माध्यमिक शाला विद्यालय को तोड़ा गया है। परंतु विभागीय लापरवाही के कारण समय पर न तो टेंडर प्रक्रिया शुरू हो सकी और न ही निर्माण कार्य। ऐसे में स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सामान ले उड़े चोर**

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के शासकीय बालक माध्यमिक शाला के दो-तीन साल पहले पानी टंकी लगा था। स्कूल परिसर में ही पेयजल के लिए बोर लगाया गया था लेकिन विद्यालय का डिस्मेंटल करने के बाद सामान का देख रेख नहीं होने के कारण चोर बोर सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रधान पाठक द्वारा चोरी हुई सामान का रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है लेकिन आज तक चोरों का पता नहीं चल सका।

**यथाशीघ्र कराएंगे निर्माण पूर्ण**

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ा जा चुका है या प्रक्रिया में है। बच्चों की सुरक्षा और बेहतर पढ़ाई के लिए अब जल्द ही नए विद्यालय भवन बनाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और यथाशीघ्र निर्माण पूरी कर दी जाएगी।

-डॉ. दिनेश कुमार झा, डीईओ

---

# एसईसीएल में विगत तीन साल से पेंशन पुनरीक्षण लंबित, 300 सेवानिवृत्त कोल कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए करीब 300 कर्मचारी पिछले तीन वर्षों से पेंशन पुनरीक्षण का इंतजार कर रहे हैं,लेकिन प्रबंधन की कथित लापरवाही के चलते अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है।

इस मुद्दे को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने एसईसीएल प्रबंधन को घेरते हुए तत्काल पेंशन रिवीजन लागू करने की मांग की है,संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एनसीडब्ल्यू ए 11 के परिधि में आने वाले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का पेंशन रिवीजन तीन वर्षों से अब तक लंबित है,जबकि दूसरी तरफ एसईसीएल के अन्य क्षेत्रों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन पुनरीक्षण पूरा कर उन्हें बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिया जा रहा है,इस भेदभाव ने स्थानीय सेवानिवृत्त कर्मियों को गहरी निराशा और हताशा में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि रिटायर कर्मियों ने अपने जीवन के सुनहरे वर्ष कंपनी को दिए हैं,अब जब उन्हें पेंशन के रूप में उनकी मेहनत का हक मिलना चाहिए, तो वे प्रबंधन की अनदेखी के शिकार हो रहे हैं।बढ़ती महंगाई और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच पुरानी पेंशन पर गुजर-बसर करना सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि प्रबंधन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनका संगठन आंदोलन की राह पर उतरने को मजबूर होंगे।सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजनों का कहना है कि वे हर महीने उम्मीद करते हैं कि अब शायद पेंशन रिवीजन लागू होगा, लेकिन साल-दर-साल इंतजार बढ़ता जा रहा है।

- एसईसीएल प्रबंधन से शीघ्र पेंशन रिवीजन लागू करने की हुई एटक श्रमिक यूनियन ने की मांग

कई कर्मचारी तो उम्रदराज हो चुके हैं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं,ऐसे समय में पेंशन का उचित पुनरीक्षण उनके लिए जीवनरेखा साबित हो सकता है,उन्होंने उच्च अधिकारियों को भेजे पत्र में मांग किया है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के सभी लंबित मामलों का निपटारा कर कर्मचारियों को अन्य क्षेत्रों की तरह बढ़ी हुई पेंशन का लाभ दिलाया जाए।

# बतरा स्थित ज्वेलरी दुकान से पचास हजार से अधिक कीमती आभूषणों की चोरी

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम बतरा साप्ताहिक बाजार के सामने स्थित जय मां भवानी ज्वेलर्स दुकान के दरवाजे की कुंडी निकालकर अज्ञात चोरों ने दुकान के भीतर अलमारी में रखे चांदी,मेटल और आर्टिफिशियल ज्वेलरी अपने साथ ले गए।दुकान संचालक की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।बताया गया कि चोरों ने दुकान की मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात वारदात को अंजाम दिया है।दुकान संचालक श्याम लाल सोनी पिता स्व.जनार्दन सोनी निवासी डबल स्टोरी भटगांव ने दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी बतरा बुधवार साप्ताहिक बाजार के पास जय मां भवानी ज्वेलर्स के नाम पर आभूषण दुकान है जो केवल बुधवार साप्ताहिक बाजार के दिन ही वह दुकान खोलता है, बाकी दिन भटगांव में ही दुकान लगाता है।बुधवार के सुबह उसके मकान मालिक चंद्र प्रकाश कुजूर व आसपास के लोगों ने उसके मोबाइल में फोन कर बताया कि उसके दुकान के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है।सूचना पर वह तत्काल अपने दुकान पहुंचा तो पाया कि दुकान के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है और भीतर पूरा सामान बिखरा पड़ा है।दुकान में रखी अलमारी मौके से गायब है,जब वह दुकान के आसपास तलाश किया तो दुकान से दो सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों में दुकान से चुराई गई आलमारी टूटे हालत में पड़ी मिली, उसके भीतर रखे ज्वेलरी गायब थी।उसने बताया कि अलमारी में करीब दर्जन भर,भगवान की मेटल की मूर्तियां,आर्टिफिशियल हार आठ नग,पायल पांच नग,बिछिया दस जोड़ी,अंगूठी बीस नग,ताबीज चौदह नग,चांदी के लॉकेट पंद्रह नग गायब हैं।चोरी किये गए आभूषणों की कीमत करीब पचास हजार रुपये बताई गई है।दुकान संचालक की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305,331 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश में जुटी है।

- अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज

---

# पहाड़ी कोरवा जनजाति के बीच पहुंचकर सांसद चिंतामणि महाराज ने मनाया पीएम का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सांसद चिंतामणि महाराज कुसमी विकासखंड के जिगनिया पंचायत के आश्रित ग्राम सुपढाका पहाड़ी कोरवा बस्ती में पहुंच कर पहाड़ी कोरवा जनजाति के बीच पहुंचे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर ग्राम के बैगा द्वारा पूजा पाठ कराया गया जिसके बाद सांसद चिंतामणि महाराज ने ग्रामीणों द्वारा प्राकृतिक रूप से बनाए गए केक को बच्चों के साथ काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। सांसद चिंतामणि महाराज ने बताया गया कि पहले गांव में आने जाने की किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं थी। सभी पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोग विकास से काफी कोसो दूर थे लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र की सरकार जब से केंद्र में आई तब से ग्राम में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। जन मन योजना के तहत आवास, पक्की सड़क, बिजली, नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल की सुविधा, उज्जवला गैस योजना के तहत हर व्यक्ति को गैस देने की सुविधा, शिक्षा हेतु जगह जगह पर स्कूल की व्यवस्था सहित अन्य प्रकार की सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकार की भाजपा सरकार द्वारा पहाड़ी कोरवा जनजाति को उपलब्ध कराई गई है। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य जंगल पहाड़ में निवास करने वाले सभी व्यक्तियों जीवन स्तर ऊंचा उठ सके और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना न पड़ें। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक पांडेय,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, संजय जायसवाल, अरविंद तिवारी, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, विजय गुप्ता, नितेश तिवारी, संजय गुप्ता, विवेक कश्यप, लव कुमार, मनान खान, नजीर अंसारी, देवनाथ राम, अमरेश यादव, छबि पैकरा, अशोक गुप्ता, तनुज अंबष्ट, बृज किशोर यादव, मानमती सहित बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा जनजाति समुदाय के लोग मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के मार्गदर्शन मे 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का शुरुआत स्वच्छता अभियान से किया गया। शहर के चिन्हित पांच जगह चौपाटी, पुराना बस स्टैंड परिसर, आयुष वाटिका, नया बस स्टैंड स्थित स्व. अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा की साफ़ सफाई कर अभियान की शुरूआत की गई।स्वच्छता अभियान में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू, शशिकिरण खेस, जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला मंत्री दीपक गुप्ता,डॉ. एचएन चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, नगर पालिका उपाध्यक्ष शैलेष अग्रवाल, महामंत्री राजू देवांगन, नीरज जिंदिया बंटी, सरोज साहू,आनंद सोनी, शिवशंकर साहू, देवमुनिया साहू, पार्षद प्रमोद तायल, ललन सोनवानी, संदीप सोनी, संजू सोनी, हिमांशु जैन, सत्यनारायण गुप्ता, संस्कार अग्रवाल, धर्मवीर सोनी, भुवनेश्वर साहू, रंजन सोनी एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत नया बस स्टैंड परिसर मे नीम, अमरुद, कटहल एवं अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया।



### स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां नवदुर्गा हेल्थ केयर क्लिनिक में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां डॉ. अविनाश गुप्ता और डॉ. करुणा गुप्ता ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में लगभग 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के दौरान छात्राओं ने केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संदेश देते हुए पौध रोपण आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस दौरान कल्पना भदौरिया, दीपक सिंघल, राहुल अग्रहरि, सविता गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रामप्रसाद गुप्ता, प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, बुध मोहन सिंह, राधे ठाकुर, आकाश जायसवाल, मनबोध सिंह, विक्की गुप्ता, रमेश यादव, किरण यादव, नवीन कश्यप, फ़िलोमीना तिर्की, शांति तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत किया गया एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

**प्रेमनगर।** भाजपा मंडल प्रेमनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक पोलिंग बूथ स्तर पर स्वच्छता एवं एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में पूरे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एक पेड़ मां के नाम लगाने का कार्यक्रम भाजपा मंडल प्रेमनगर में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोपड़ किया गया। विधायक भूलन सिंह मरावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। वहीं 83 लोगों ने रक्तदान के लिए स्वेच्छा से पंजीयन कराया। विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के कार्यक्रम में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को मिथिला बंजारा, नयन सिरदार, फुलेश सिरदार, बीरेंद्र जायसवाल ने संबोधित किया। इस दौरान शिवनन्दन सिंह मरावी, जगमोहन सिंह, रामनारायण यादव, संत साहू, महादेव सिंह, पूर्णा जायसवाल, पूनिया राजवाड़े, कंचन श्याम, राजीव बंसल, विजय सिरदार, महेंद्र कुमार यादव, प्रदीप साहू, रामध्यान सिंह, पनेश्वर सिरदार, रामनारायण, उर्मिला साहू, रजमेन श्याम, कमला साहू, ललिता कनौजे, विवेक पांडेय सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



---



### सेवा पखवाड़ा के तहत हुए विविध कार्यक्रम, किया गया पौधरोपण

**भैयाथान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा की शुरुआत बुधवार को हुई। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह व कार्यक्रम प्रभारी अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में 22 युवाओं ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया। वहीं कई धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। गुरुवार को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत माँ के नाम एक पेड़ अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू की उपस्थिति में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, शिवप्रसाद नगर व बंजा स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही शासकीय हाई स्कूल सत्य नगर के परिसर में मंडल उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पौधारोपण हुआ। मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में सेवा कार्य करके मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रक्तदान, स्वच्छता अभियान व मां के नाम पेड़ अभियान चलाकर सेवा कार्य किया जा रहा है। इस दौरान शांतनु गोयल,अजय सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, हरिओम श्रीवास्तव, सौरभ साहू, राकेश पाठक, राय सिंह,उमेश साहू, शिवदयाल साहू, रंजीत सिंह, राजू देवांगन, लाल बियार, उजाला ठाकुर, रूपेंद्र कुशवाहा, संपूरण साहू,अविनाश दुबे, श्याम सागर ठाकुर, महेंद्र काशी और प्राचार्य सतीश गुप्ता सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव में आयोजित की गई बहरूपिया प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अग्रसेन जयंती महोत्सव अग्रवाल सभा द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी बीच प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के लोग बहरूपिया बन शहर के मुख्य मार्ग पर निकले।

लक्ष्मी किन्नर बन सड़को पर लोगो को दुवाएं दी तो छोटा बच्चा भिखारी की भूमिका में भीख मांगते नज़र आया। चुड़ैल, राक्षस, व भूत ने तो सबको डरा ही दिया। बाबा बने युवक ने सभी को रास्ते भर टोटके करके दिखाया तो माता काली से लोग आशीर्वाद लेते नजर आए। इधर स्पाइडर मेन लोगो की छतो व गाड़ियों पर दिखाई दिया वहीं पागल ने सभी को परेशान किया। एक पल के लिए लोगो को समझ ही नहीं आया की क्या हो रहा है। बहरूपिया प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन गुरुनानक चौक से प्रारम्भ कर महामाया चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचे।

मंगलवार को अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे कई टीमों ने हिस्सा लिया। । बच्चों हेतु रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। कब्बड्डी व फॅमिली गेम प्रतियोगिता विभिन्न चरणों में संपन्न हुई। महिलाओं के भी कार्यक्रम रखे गए थे जिसमे शादी की सूटकेस सजाओ, म्यूजिकल हाउजी, सीन प्ले प्रतियोगिता में महिलाओ व बालिकाओं ने बच चढ़ कर हिस्सा लिया। सीन प्ले में पुराने ज़माने के एक्ट स्टेज में किए गए। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, सहसचिव घनश्याम गर्ग, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, लेख परीक्षक संजय जालान, सलाहकार मनोज जैन, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल, भोजन प्रभारी विनोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, अमरजीत अग्रवाल, आशीष तायल, विजय बंसल, जन्म अग्रवाल, युवा मंच अध्यक्ष यश गर्ग, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, अश्वनी गर्ग, सचिन अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विमला अग्रवाल, ममता गोयल, नीलिमा गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, सेनु अग्रवाल, रंजीता गर्ग, गरिमा अग्रवाल, ममता जैन, ममता गोयल, शारदा गर्ग, वैभव अग्रवाल, तानिश गर्ग, अतुल बंसल, राहुल अग्रवाल, निखिल गोयल, सीखा अग्रवाल, युक्ति गोयल, साक्षी गोयल, वैशाली गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।





कार्यक्रम में शामिल अतिथि व बहरूपिया बनकर शहर में घूमते समाज के लोग।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने मुख्यमंत्री से मिल किसानों की समस्याओं से कराया अवगत

**प्रतापपुर।** मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में गन्ना किसानों के लंबित भुगतान में हो रही देरी को लेकर और किसानों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने गंभीरता दिखाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने तत्काल किसानों के लंबित भुगतान को जारी करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए और 15 सितंबर तक ही किसानों का भुगतान देने का आदेश दे दिया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने बताया कि कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी जैसा की पता चला है कि भुगतान की जाएगी तो कांग्रेसियों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर पूर्व मंत्री के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं जो की समझ से परे हैं। जबकि किसानों को भुगतान देने का निर्देश हो चुका है और भुगतान मिलना शुरू भी हो चुका है ऐसे में धरना प्रदर्शन किस उद्देश्य से किया जा रहा है यह क्षेत्र के लोग अच्छी तरह से जानते है।

### महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने किया रक्तदान




**शंकरगढ़।** अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड क्रॉस इकाई के तत्वावधान में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनुभा मिंज द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना जागृत करना तथा जरूरतमंद के लिए रक्त उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया एवं एकत्र किए गए रक्त यूनिट को जिला चिकित्सालय,रेडक्रॉस सोसाइटी को उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में बताया गया कि रक्तदान महादान है एवं एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी अनुभा मिंज, मनीषा कुजूर, उमेश कुमार भगत, हेमंत तिर्की ने अपना रक्तदान कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। दुर्गेश भगत ने विद्यार्थियों के उत्साह और भागीदारी की सराहना की। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय परिवार, ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के स्टाफ मौजूद रहे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनपुर में स्वस्थ नारी सशक्ति परिवार अभियान की शुरुआत



**भैयाथान।** विकासखंड भैयाथान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनपुर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत सरपंच रूपा सिंह के मुख्य आतिथ्य में की गई। संस्था प्रभारी मो. आरिफ अंसारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज अस्पताल में सभी महिलाओं का स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान बनाने की पहल, स्वस्थ जीवन शैली एवं स्वास्थ्य के मानकों को बेहतर बनाने की पहल, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, स्वास्थ्य का परीक्षण उनके बेहतर उपचार के बारे मे जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सरपंच रुपा सिंह ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाने की बात कही। इस दौरान मो. तारिक अंसारी,अनिल मंडावी , अजय रवि, आकांक्षा कुजूर, सुजाता कुशवाहा, अमित चौरसिया, प्रेम सिंह, अशोक दास, थार्वेद्र सिंह, अनीता साहू, चंद्रकला कुशवाहा, मंजू साहू सहित सोनपुर के मितानिन व अन्य महिला जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विधायक पर टिप्पणी करने पर भाजपा पदाधिकारियों ने की थाने में शिकायत

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत में सीओई की पदस्थापना को लेकर सरपंचों द्वारा धरना प्रदर्शन करने के दौरान कांग्रेसियों द्वारा विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते जी को लेकर की गई टिप्पणी पर आज भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी से शिकायत की तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाई किए जाने की मांग की। थाना प्रभारी से की गई शिकायत में भाजपा पदाधिकारियों ने बताया है कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6 के भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर श्रीमती शकुंतला सिंह चुनाव जीत कर विधायक हेतु निर्वाचित हुई है। जिसके संबंध में जनपद पंचायत में धन सिंह नामक व्यक्ति बिना अनुमति के भोले भाले ग्रामीणों को इकट्ठा करके विधायक को फर्जी तथा अपमानजनक शब्द भरे सभा में कर अपमानित किया है । तरह-तरह का झूठा अफवाह एवं मिथ्या आरोप लगाकर विधायक एवं चुने हुए सरकार को छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक को लेकर टिप्पणी करने से भाजपा पार्टी में भारी आक्रोश है। भाजपा पदाधिकारियों ने मामले में जांच कर दोषी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित अमित कौशिक ने बताया कि मामले में उचित कार्यवाई की जाएगी। जल्द ही इस मामले में जांच की जा रही है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, जनपद अध्यक्ष सुखमनिया, विधायक प्रतिनिधि विश्वजीत सोनी, अंकुर जायसवाल, विनोद श्रेष्ठ, विक्रम नामदेव, आशुतोष जायसवाल, पपल जयसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रदर्शन भी हुआ तेज, स्वास्थ्यकर्मियों ने दी गिरफ्तारी

# हड़ताली एनएचएम कर्मियों पर बड़ा एक्शन 1500 से अधिक की जाएगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कहा-जारी रहेगा आन्दोलन

अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों की हड़ताल 32वें दिन भी जारी है। एक तरफ स्वास्थ्यकर्मी अपनी मांगों को लेकर अडिग है तो वहीं दूसरी ओर शासन ने भी कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। एनएचएम कर्मियों के वापस लौटने का रास्ता अब सरकार ने समाप्त कर दिया है और उनके बर्खास्तगी के निर्देश दे दिए गए है। एनएचएम कर्मियों को एक माह का वेतन या एक माह का नोटिस देकर सेवा समाप्त करने के साथ ही नई भर्ती करने का आदेश शासन की ओर से जारी किया गया है। शासन के आदेश के बाद जिलों में एनएचएम कर्मियों के बर्खास्तगी की प्रक्रियाएं भी शुरू कर दी गई है। इधर एनएचएम कर्मी भी अपनी मांगों को लेकर अब उग्र हो रहे है। गुरुवार को एनएचएम कर्मियों ने जेल भरो आन्दोलन किया है जबकि आने वाले समय में और भी उग्र प्रदर्शन और आत्मदाह तक करने की चेतावनी दी गई है।

बता दें कि नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इस हड़ताल से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन ने एनएचएम कर्मियों की पांच मांगे मानने का आश्वासन देते हुए 16 सितम्बर की शाम 5 बजे तक काम पर वापस लौटने की अंतिम चेतावनी दी थी। इस चेतावनी के बाद सरगुजा जिले में कुल 3 लोगों ने ज्वाइनिंग दी जबकि 27 एनएचएम कर्मी पहले से काम कर रहे थे। इसी तरह बलरामपुर जिले में भी 34 लोगों ने ज्वाइनिंग दी जबकि 207 लोग काम पर थे। सूरजपुर जिले में भी बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मियों ने आदेश के बाद ज्वाइनिंग दी लेकिन शासन के आदेश के बाद भी तीनों जिलों में लगभग 1500 से अधिक एनएचएम कर्मियों ने अपनी ज्वाइनिंग नहीं दी है और वे हड़ताल पर अडिग है।



विरोध प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मी।

#### रैली निकाली, दी गिरफ्तारी

एक तरफ शासन हड़ताली कर्मियों को वापस लौटने की चेतावनी देकर बर्खास्त करने की कर रहा है तो दूसरी ओर हडताल तेज होता नजर आ रहा है। गुरुवार को संभाग भर से पहुंचे हुए लगभग 2000 एनएचएम कर्मियों ने धरना प्रदर्शन करने के साथ ही रैली निकाली। रैली के बाद उन्होंने अपनी मांगों और कार्रवाई के विरोध में गिरफ्तारी दी। पुलिस ने सभी एनएचएम कर्मियों को गिरफ्तारी लेकर उन्हें अस्थायी जेल में रखा। इस दौरान संघ की जिलाअध्यक्ष शिप्ली राय ने बताया कि वे संविदा प्रथा से आजादी मांग रहे थे लेकिन सरकार कूटनिति अपना रही है। एनएचएम कर्मियों ने कोरोना काल में सबसे आगे खड़े रहकर लोगों की सेवा की लेकिन अब सरकार एक साथ 16 हजार लोगों को बर्खास्त कर नई भर्ती का फरमान जारी कर रही है। एमपी, महाराष्ट्र में नियमितीकरण का तोहफा सरकार ने दिया है। हम सरकार से नियमितीकरण नहीं होने की स्थित में ग्रेड पे, अनुकम्पा नियुक्ति सहित अन्य मांगे कर रहे है। सरकार ग्रेड पे की घोषणा कर लिखित आदेश दे तो हड़ताल की समाप्ति होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो आत्मदाह भी करेंगे।

#### सूरजपुर में 594 को बर्खास्त करने का आदेश जारी

शासन के आदेश के बाद जिलों में कार्रवाई का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सूरजपुर जिले में 17 सितम्बर को ही 594 एनएचएम कर्मियों के बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा के आदेश में नियमानुसार एक महीने के नोटिस अवधि के बाद बर्खास्त माना जाएगा। इसके साथ ही शासन ने देर रात सभी को एक माह का वेतन देकर तत्काल बर्खास्त करने व नई भर्ती निकालने का आदेश जारी किया जिसके बाद सरगुजा में लगभग 550, सूरजपुर में 594 व बलरामपुर जिले में 401 एनएचएम कर्मियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और बताया जा रहा है कि प्रस्ताव बनाकर कलेक्टरों के पास भेजा गया है। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद आदेश जारी हो जाएंगे।

#### चल रही है प्रक्रिया

एनएचएम कर्मियों के खिलाफ शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। सभी जिलों में प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

-डॉ. अनिल शुक्ला
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं


## तहसीलदार पर लगाया 50 हजार रिश्वत लेने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर/उदयपुर

- भूमि नामान्तरण में त्रुटि सुधार का का मामला

जमीन विवाद मामले में त्रुटि सुधार के नाम पर 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगने और घूस नहीं मिलने पर जमीन दूसरे के नाम पर दर्ज करने का मामला आया है। प्रभावित व्यक्ति ने तहसीलदार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर व एसपी से इसकी शिकायत की है। इधर तहसीलदार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

सूरजपुर जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम महंगई निवासी सुनील कुमार जायसवाल आ. स्व. बसंत लाल जायसवाल का कहना है कि लखनपुर के ग्राम खुटिया में खसरा नंबर 563/1 रकबा 0.251 हेक्टेयर जमीन उसने वर्ष 2008 में गांव की बेचनी बाई से खरीदा था। उक्त भूमि की रजिस्ट्री कुछ वर्षो बाद फिर से त्रुटि वश ऑनलाइन रिकॉर्ड में भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज हो गई। इसी त्रुटी सुधार के लिए उसने 15 जनवरी को लखनपुर कोर्ट में नामांतरण, बी-वन, ऋण पुस्तिका, रजिस्ट्री सहित अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन किया था लेकिन आवेदन के महीनों तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उसने फिर से लखनपुर तहसील कोर्ट में आवेदन पेश किया। आरोप है कि तहसील कोर्ट में महीनों चक्कर लगाने के बाद उससे त्रुटि सुधार के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की गई और जब उसने रिश्वत नहीं दी तो बिना किसी नोटिस और सूचना के ही जमीन को अनावेदकों के नाम पर ऑनलाइन रिकार्ड में दर्ज कर दिया गया। सुनील जायसवाल का कहना है कि तहसीलदार अंकिता पटेल व एक अन्य कर्मचारी की मौजूदगी में पैसे मांगे गए और जब उसने कहा कि वह गरीब व्यक्ति है और 10 हजार रुपए ही दे सकता है तो उसकी सुनवाई नहीं हुई। कुछ महीनों बाद जमीन को को दूसरे के नाम पर दर्ज कर दिया गया। सुनील जायसवाल ने कलेक्टर, एसपी से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



#### लगा रहे झूठा आरोप

पैसा लेने का सरासर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ता से मेरी कभी मुलाकात ही नहीं हुई। मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की गई है।

-अंकिता पटेल, तहसीलदार

## आवारा व घुमंतू मवेशियों को किया जाएगा गौशाला में शिफ्ट

**राजपुर।** जिले में एनएच पर लगातार बढ़ रही घटनाओं और मौतों के मामले में रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने अच्छी पहल की है। फाउंडेशन मवेशियों को सड़कों से उठाकर बासेन में इनके लिए बनाया गया गौशाला में व्यस्थित करेगी। मवेशियों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया की जा रही है। इसी तारतम्य में चांदो चौक पर घूम घूम कर लोगों को उसके प्रति जागरूक किया गया। बता दें कि जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में आवारा और घुमंतू पशु की संख्या काफी ज्यादा है और लगातार इनके कारण न सिर्फ हादसे होते हैं बल्कि इसमें कई बार मवेशियों और राहगीरों को भी मौत हो जाती है। शाम होते ही सड़कों पर इनकी संख्या इतनी ज्यादा होती है कि आसानी से वाहन निकलना मुश्किल होता है। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने एक अभियान चलाया है और गौशाला की स्थापना की है। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक शोभा यादव ने बताया कि बलरामपुर जिले में घुमंतु पशुओं के लिए व्यवस्थापित करने का काम किया जा रहा है इस तारतम्य में बलरामपुर जिले के चांदो चौक में घुमंतू मवेशियों के व्यवस्थापित हेतु बासेन स्थित गौशाला में ले जाने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस गौशाला में एक साथ 200 मवेशियों के रखने की व्यवस्था की गई है जहां उनके चारा पानी की भी व्यवस्था है। इस दौरान नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष लोधी राम एक्का, भानु प्रकाश दीक्षित, जिला महामंत्री भाजपा जिला बलरामपुर सुरेंद्र यादव, दीनानाथ यादव, गौतम सिंह, विजय प्रताप सिंह, राकेश सिंह (मिंटू ), शिवाराम, संदीप एक्का, योगेश गुप्ता, नगर पालिका सीएमओ प्रणओ राय, पशु विभाग के डॉ. अलीशा बेक, डॉ. ममता निकुंज, भोला कुशवाहा, दिनेश कुमार नागेशिया, सीतल दास, छोटू महंत, राजेंद्र महंत सहित अन्य मौजूद थे।

## तस्कर कार से कर रहे थे साल सिल्ली की तस्करी, वनकर्मियों ने किया जब्त




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुखबिर की सूचना पर वन अमले ने अवैध चिरान तस्करी करने के मामले में एक डस्टर कार को जब्त किया है। तस्कर लक्जरी कार से 10 नग साल चिरान की तस्करी कर रहे थे।

उदयपुर में पदस्थ उपवन मण्डलाधिकारी एवं वन परिक्षेत्राधिकारी के मुख्यालय से बाहर रहने एवं संभाग मुख्यालय से बाहर रहने एवं संभाग मुख्यालय स्थित अपने आवास से कार्यालय का संचालन करने के कारण वनों की सुरक्षा मैदानी अमले के भरोसे संचालित हो रही है। वन अधिकारियों की लापरवाही से जंगल में तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। कुछ महीने पूर्व ही तत्कालीन डीएफओ थेजस शेखर ने शहर के एक आरा मिल संचालक के परिसर से भारी मात्रा में अवैध चिरान एवं साल लट्ठा जब्त किया था। साथ ही संचालक के गोदाम से लाखों रूपए का अवैध चिरान जब्त करने के साथ ही आरा मिल का लाइसेंस निरस्त किया गया था। विभाग की जांच में उदयपुर जंगल से चिरान व लट्ठा तस्करी करने का खुलासा हुआ था। इस घटना के बाद उदयपुर जंगल से लकड़ी तस्करी के कई मामले सामने आए हैं। वन अमले ने लकड़ी तस्करी के मामले में कड़ी कार्रवाई भी की है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के मुख्यालय से हमेंशा बाहर रहने एवं बीच-बीच में खानापूर्ति के लिए उपस्थित होने से लकड़ी तस्करी को रोकने की पहल नहीं हो रही है। बुधवार की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली की कुछ तस्कर पुटा जंगल से डस्टर कार से चिरान की तस्करी कर रहे है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम डस्टर कार क्रमांक सीजी 13 एक्स 9444 को खड़ी देख नजदीक पहुंची तो कार सवार दो युवक गेट खोलकर भाग निकले वनकर्मियों ने कार की जांच की तो 10 नग साल सिल्ली मिली वाहन में मौजूद सुखरी भंडारपारा निवासी चालक देवेन्द्र साय आ.मंगल साय द्वारा सिल्ली से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। जब्त सिल्ली की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। वन अमले ने जब्त कार को परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा किया है। कार्रवाई में विकास गुप्ता, साहस कपुर, आर्मो सिंह, राजेश राजवाड़े सहित अन्य वनकर्मी शामिल थे।

#### टाइगर रिजर्व से बाइक सवार तस्कर बेखौफ कर रहे तस्करी

**बिहारपुर।** गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व से लकड़ी की अवैध तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। तस्कर बेखौफ होकर टाइगर रिजर्व के मकरा ढुआरी स्थित जांच चौकी के सामने से ही बाइक, साइकिल एवं पैदल साल-सिल्ली का अवैध परिवहन कर रहे है।



वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर बिना अनुमति टाइगर रिजर्व में कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता लेकिन वन अमले की लापरवाही से तस्कर ग्रामीणों के सहयोग से न केवल जंगल में आरा चला रहे हैं बल्कि बेखौफ होकर जांच चौकी के सामने से सिल्ली का लगातार तस्करी कर रहे है। पिछले 6 महीने से रिहंद रेंज के वनकर्मियों ने जंगल की सर्चिंग बंद कर दी है जिससे तस्करों का हौसला बढ़ गया है। कर्मचारियों की कमी होने के कारण भी नियमित कार्य प्रभावित हो गए है। दो दिन पूर्व जांच नाका के खाली होने पर तस्करों द्वारा मुख्य मार्ग से बाइक से सिल्ली का परिवहन करते देख कुछ युवकों ने पीछा किया। इस दौरान तस्करों के पीछे-पीछे एक स्कार्पियों चल रही थी। युवकों द्वारा पीछा करने पर स्कार्पियों तेज गति से आगे निकल गई साथ ही तस्कर भी सिल्ली लेकर फरार हो गए। युवकों ने बताया कि तस्कर मकराढुआरी के रास्ते खीरो नदी पार कर सिल्ली सीमावर्ती ग्राम बरगढ़ ले जाते हैं। जहां नदी की दूसरी ओर ग्राहक मौजूद रहते हैं। तस्कर स्थानीय ग्रामीणों से 280 रूपए में सिल्ली खरीदते हैं तथा 600 रूपए में बेचते है। तस्कर बाइक से एक साथ 3 सिल्ली का परिवहन करते है तथा पकड़े जाने पर कई बार वनकर्मियों पर हमला कर देते है।

इस संबंध में परिक्षेत्राधिकारी ललित पैकरा ने बताया कि तस्करों की जानकारी मिल गई है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर सौरभ सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जाएगी तथा घटना सत्य पाये जाने पर जांच चौकी में पदस्थ कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## कंदरई में कृषक की भूमि में लगे आम बगीचे के पेड़ों को काटा, दूसरे प्रांत में बेचने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदरई निवासी कृषक मस्त राम बिझिया के निजी भूमि खसरा नंबर 1960/1 रकबा 0.22 में स्थित आम के बगीचे में लगे दर्जन भर से अधिक हरे भरे विशालकाय आम पेड़ो को उत्तरप्रदेश के लकड़ी व्यवसाई ने पखवाड़े भर पूर्व कटवा दिया है और अब कटी लकड़ियों को यूपी ले जाने की तैयारी है।चार पांच दशक पूर्व का आम बगीचा पेड़ो के कट जाने से उजाड़ और वीरान हो गया है।

मामले की जानकारी जब वन विभाग के जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर से ली गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ो की कटाई के लिए एसडीएम से विधिवत अनुमति ली गई है तब पेड़ो को काटा गया है।अब काटे गए आम पेड़ के लट्ठों और जलावन को ले जाने प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। लट्ठों की टीपी कटेगी, हैमबर लगेगा उसके बाद संबंधित खरीददार लकड़ियों को बाहर ले



जाएगा।बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश सहारनपुर के हिंदुस्तान टिंबर द्वारा कृषक से सीधे संपर्क कर उसके निजी भूमि पर लगे दर्जन भर से अधिक विशालकाय आम पेड़ो की खरीदी कर पेड़ो की कटाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर से अनुमति प्राप्त कर पखवाड़े भर पहले पेड़ो की कटाई कराया और अब कटे पेड़ो के लट्ठों लकड़ियों को ले जाने की तैयारी है।बता दें कि पूरे सरगुजा संभाग में इन दिनों हरे भरे पेड़ो की अवैध तरीके से कटाई का कार्य जोर शोर से जारी है।दीगर प्रांतों के लकड़ी माफियाओ की संभाग में सक्रियता से घने पेड़ पौधों से आच्छादित सरगुजाअंचल अब तेजी से वीरान हो रहा है।एक ओर खदान खोलने के नाम पर सैकड़ों एकड़ में लगे जंगलों की कटाई तेजी से की जा रही है।समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो आगे स्थिति और भयावह होगी।इस संबंध में सूरजपुर वन मंडला अधिकारी पंकज कमल ने बताया कि निजी भूमि पर लगे पेड़ो की कटाई की अनुमति एसडीएम स्तर पर दी जाती है,उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## ड्यूटी पर जा रहे आरक्षक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

- पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**लखनपुर।** ड्यूटी पर जा रहे आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। आरक्षक सूरजपुर जिले में पदस्थ था और बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान एनएच 130 पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने आरक्षक को अपनी चपेट में ले लिया। आरक्षक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम सरमा निवासी 43 वर्षीय मसत्य राम पैकरा आ. वीर सिंह सूरजपुर जिले में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। आरक्षक 17 सितम्बर को दोपहर 1.30 अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 6378 से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। इस दौरान ग्राम लहपटरा में एनएच 130 पर कमल पेट्रोल पंप के सामीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 44 बीटी 0920 के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरक्षक का हेलमेट निकल गया और सिर में गंभीर चोटें आई व नाक मुंह से खून निकलने लगा। आरक्षक को उपचार के लिए एंबुलेंस 108 के माध्यम से उपचार हेतु अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ ही वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



## पेज 1 के शेष...

### अब संतोषीनगर में...

के मरम्मत का कार्य कराया गया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत संतोषीनगर में कुछ ग्रामीणों ने बस्ती के किनारे पहाड़ से उतरने वाले बारिश के पानी को रोकने के लिए खुद से ही बांध बना लिया है। पहाड़ के नीचे के उक्त हिस्से में पहले से ही गहरा गड्ढा है और आगे लोगों ने बांध बनाकर पानी को पूरी तरह से रोक लिया है। इस बांध से आस पास के किसान खेती करने के साथ ही एक किसान मछली पालन करता है। वर्तमान में हुई बारिश से उक्त बांध लबालब हो गया है जबकि बलरामपुर जिले में 16 सिंतबर को मुसलाधार बारिश हुई थी। इसके साथ ही छिटपुट बारिश सिलसिला जारी है और यही वजह है पहाड़ से उतरे पानी से बांध ओवर फ्लो हो गया और बांध के मेढ का एक हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया। बांध फूटने के साथ ही काफी तेजी से पानी निकलने लगा जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया।



